केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

क.जे.सोमैया परिसर

विद्याविहार मुम्बई-७७

प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना उद्घाटन कार्यक्रम - २०२४

०२.०२.२०२४

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई में दिनांक 02.02.2024 को पूर्वाह्ण 11.00 बजे **राष्ट्रीय सेवा योजना उद्घाटन कार्यक्रम - २०२४** का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन से हुई । पश्चात् सुधांशु कुमार पाण्डेय, शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष ने वैदिक मंगलाचरण की प्रस्तुति की ।



डॉ. कुमार, सहायकाचार्य शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि का परिचय करवाते हुए सभी का स्वागत किया ।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अमोल उबाळे, राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में अध्यापक गण और छात्रों को उद्बोधित किया । अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि, राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है, कैसी करनी चाहिए, इस कार्य का अवधी क्या है, इसे करके हम कहाँ कहाँ तक जा सकते है, गणतंत्र दिवस तथा स्वातंत्र्य दिन में परेड कर सकते है, अच्छी सेवा दे सकते है, अच्छा नेतृत्व दे सकते है । यह कार्यक्रम करके हम देश-विदेश जा सकते है ।

परिसर के व्याकरण विद्याशाखा के अध्यक्ष तथा परिसर के प्रभार निदेशक प्रो. बोध कुमार झा ने कोणार्क चक्र की आठ अरा का उदाहरण देकर दिन के प्रहर को समझाया ।

इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन तथा संयोजन डॉ. दशरथ भरासागर, सहायकाचार्य शिक्षाशास्त्र विभाग ने किया ।

शान्तिमन्त्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई । इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे ।

(डॉ. दशरथ भरासागर)
संयोजक

02/02/24